दिनांक 23.04.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ आम चुनाव 2019 के मतदान दिवस पर लोगों ने भारी उत्साह के साथ मतदान केन्द्रो पर सुबह से पहूंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। निगम क्षेत्र के 17 आदर्श मतदान केन्द्र सहित अन्य बूथों का जिलाधीश अंकित आनंद , अपर कलेक्टर संजय अग्रवाल, आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लिया।
कलेक्टर ने अपने भ्रमण के दौरान पोलिंग बूथ पर लगे कर्मचारियों से व्यवस्था की जानकारी ली, और उन्होने मतदान व्यवस्था में लगे बूथ पर तैनात कर्मचारियों से कहा कि मतदाता को किसी प्रकार की कोई तकलीफ न हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं के लिए केन्द्र में रखे गये व्हील चेयर आदि की व्यवस्था से अधिकारीगण अवगत हुए। इसके पूर्व आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी जोन 04 में बनाये गये आदर्श मतदान केन्द्र में उपस्थित रहकर मतदाताओं का केन्द्र में किये गये स्वागत सत्कार में भागीदार रहें। मतदान केन्द्रो पर बनाये गये सेल्फी जोन में मतदान के बाद मतदाताओं ने अपने फोटो भी खींचे।

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''

''वोट डालने जाना है- 23 अप्रैल को अपना फर्ज निभाना है''